# भारतीय अग्रमि मूल्य नर्धारण समझौता व्यवस्था

**चर्चा में क्यों?**
जनवरी 2018 में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) द्वारा पाँच एकपक्षीय और दो बहुपक्षीय मूल्य नर्धारण समझौतों पर हस्ताक्षर करना भारतीय अग्रमि मूल्य नर्धारण समझौता (Advance Pricing Agreements) व्यवस्था में हुई प्रगतिको दर्शाता है।

**क्या है APA?**

- APA आमतौर पर एक करदाता और कम से कम एक टैक्स प्राधिकरण के बीच ऐसा अनुबंध है, जो परस्पर संबंधति कंपनयिों के बीच लेन-देन के लयि मूल्य-नर्धारण वधिको पहले से ही तय करता है।
- भारत में APA की अवधारणा को वत्ति अधनियिम 2012 के तहत प्रस्तुत कयिा गया था।
- इस समझौते के तहत कसिी अनशि्चतिता से बचने के लयि, आर्म्स-लेंथ प्राइस (Arm's-length Price-ALP) के सद्धांत का प्रयोग कयिा जाता है।
- यदपिरस्पर संबंधति कंपनयिाँ स्वंतत्र रूप से कार्य कर रही हो तब वसूल की जाने वाली कीमत आर्म्स- लेंथ प्राइस कहलाती है।

**APA की आवश्यकता क्यों?**

- APA का उद्देश्य ट्रांसफर प्राइसगि के क्षेत्र में मूल्य नर्धारण के तरीकों को नर्दिष्ट कर और अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन की कीमतें अग्रमि रूप से नर्धारति करके करदाताओं को नशि्चतिता प्रदान करना है।
- दो संबंधति कंपनयिों के बीच कसिी भी तरह के लेन-देन के लयि मूल्य नर्धारण को ट्रांसफर प्राइसगि कहा जाता है।
- संबंधति कंपनी का आशय है कि किसी मूल कंपनी (Parent Company) की सब्सडिरी कंपनी या होल्डगि कंपनी।
- ट्रांसफर प्राइसगि के कारण बहुराष्ट्रीय कंपनयिों और कर प्राधकिरणों के बीच ववािद होते हैं। भारतीय कर वभिाग और वोडाफोन इंडयिा के बीच चला ववािद इसी का उदाहरण है।

**इसे एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट कयिा जा सकता है**

- उदाहरण के लयि सुज़ुकी मोटर कॉरपोरेशन मूल कंपनी है और इसकी दो सब्सडिरी कंपनयिाँ मारुतसिुज़ुकी इंडयिा और सुज़ुकी जापान हैं जो क्रमश: भारत और जापान में स्थापति हैं।
- यदि किसी वर्ष मारुतसिुज़ुकी इंडयिा को अधकि लाभ होता है तो इसे भारत सरकार को अधकि कर देना होगा।
- लेकनि सुज़ुकी जापान यदभिारत में स्थति मारुतसि कसिी उपकरण या घटक की अधकि कीमत वसूल कर ले तो मारुतकिा लाभ कम हो जाएगा और कंपनी का भारत सरकार को कयिा जाने वाला कर भुगतान भी कम हो जाएगा। कतिु सुज़ुकी जापान का राजस्व बढ़ जाएगा।
- समग्र रूप से देखें तो भारत की मारुतकिंपनी की मालकि सुज़ुकी मोटर कॉरपोरेशन की स्थतिमिज़बूत हो जाएगी लेकनि भारत सरकार को कर राजस्व में काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।
- इस तरह के मामलों से बचने के लयि APA के तहत दो संबंधति कंपनयिों के बीच लेन-देन का मूल्य पहले ही नर्धारति कर दयिा जाता है।

**APA के प्रकार**

- APAs द्वपिक्षीय अथवा एकपक्षीय दोनों हो सकते हैं।
- जब दो देशों के कर प्राधकिरणों के बीच भवषि्य में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन की ALP तय करने के लयि अनुबंध होता है तो इसे बहुपक्षीय मूल्य नर्धारण समझौता (Bilateral Advance Pricing Agreement-BAPA) कहा जाता है।
- जब कोई करदाता कसिी देश में कर संबंधी नशि्चतिता के लयि केवल एक सरकारी प्राधकिरण के साथ अनुबंध करता है तो इसे एकपक्षीय मूल्य नर्धारण समझौता (Unilateral Advance Pricing Agreement-UAPA) कहा जाता है।
- जब दो देशों के बीच कोई दोहरी कराधान परहिार संधनिहीं हो तो UAPA को प्राथमकिता दी जाती है।

**भारतीय APA व्यवस्था में प्रगति**

- जनवरी 2018 में इन समझौतों पर हस्ताक्षर करने के साथ ही CBDT द्वारा कयि गए APA की कुल संख्या बढ़कर 196 हो गई है।
- इनमें 178 UAPA और 18 BAPA शामलि हैं। चालू वत्ति वर्ष में अब तक कुल मलिाकर 44 APAs (7 द्वपिक्षीय और 37 एकपक्षीय) पर

हस्ताक्षर किये गए हैं।

- जनवरी 2018 में दो द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए जिनमें अमेरिका के साथ हस्ताक्षरित किया गया पहला BAPA भी शामिल हैं।
- जनवरी 2018 के दौरान हस्ताक्षरित किये गए 7 APA अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि बैंकिंग, बीमा, निवेश परामर्श, सूचना प्रौद्योगिकी, रसायन और इंजीनियरिंग से संबंधित हैं।
- भारतीय एपीए कार्यक्रम की सराहना देश-विदेश में की जा रही है, क्योंकि यह निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से जटिल ट्रांसफर प्राइसिंग मुद्दों को सुलझाने में समर्थ है।
- APA योजना की प्रगति गैर-विरोधात्मक कर व्यवस्था को बढ़ावा देने संबंधी सरकारी संकल्प को सुदृढ़ करती है।

### अग्रिम मूल्य निर्धारण समझौते के लाभ

- करदाता को कर संबंधी मामलों में निश्चितता रहती है।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरणों में विवाद कम होते हैं।
- सरकार के कर राजस्व में वृद्धि होती है।
- देश को विदेशी निवेशकों के लिये एक आकर्षक गंतव्य बनाने में सहायता मिलती हैं।
- ये समझौते करदाता और सरकार दोनों के लिये ही बाध्यकारी होते हैं। इस कारण शिकायतों और मुकदमेबाजी संबंधी लागतें कम हो जाती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-advance-pricing-agreement-regime